# PAPER-II
# LINGUISTICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 3 1 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## LINGUISTICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** An ideal speaker is one who can
(A) speak more than one language
(B) speak very clearly
(C) produce all grammatical sentences of a language
(D) use large number of idioms in his/her speech

**2.** Following are the types of language universals :
I. Formal
II. Substantive
III. Absolute
IV. Partial

**Codes :**
(A) Only I and II is correct.
(B) Only II and III is correct.
(C) Only III and IV is correct.
(D) Only I, II and III is correct

**3.** Find the correct order :
I. Prescriptive approach
II. Descriptive approach
III. Concept of Language Faculty
IV. Computational Linguistics

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | I | II | IV | III |
| (C) | III | I | II | IV |
| (D) | III | II | I | IV |

**4.** Find the correct order :
I. Distinctive feature
II. Phoneme
III. Phone
IV. Syllable

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | IV | I | III | II |
| (B) | I | III | II | IV |
| (C) | III | II | I | IV |
| (D) | II | III | I | IV |

**5.** Match the items in the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Location of speech and referent | i. Arbitrariness |
| b. Conventional relation between object and word | ii. Displacement |
| c. Role of speaker and listener | iii. Denotation |
| d. Referential function of language | iv. Interchange-ability |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**6.** Match the items in the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Underlying system of language | i. Comple-mentary distribution |
| b. Only one of them can occur in the same context | ii. Language |
| c. Both are present | iii. Para-digmatic |
| d. Only one of them is present | iv. Syntagmatic |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | i | iv | iii |

# भाषा विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** एक आदर्श वक्ता वह है जो

(A) एक से अधिक भाषाएँ बोल सकता है ।

(B) अति स्पष्ट बोल सकता है ।

(C) एक भाषा के समस्त व्याकरणीय वाक्यों को अभिव्यक्त कर सकता है ।

(D) अपने भाषण में अनेक मुहावरों का प्रयोग कर सकता है ।

**2.** भाषिक सार्वभौम के निम्नलिखित प्रकार होते हैं :

I. रूपात्मक II. सत्वपूर्ण

III. निरपेक्ष IV. आंशिक

**कोड :**

(A) केवल I तथा II सही हैं ।

(B) केवल II तथा III सही हैं ।

(C) केवल III तथा IV सही हैं ।

(D) केवल I, II तथा III सही हैं ।

**3.** सही क्रम बताइए :

I. आदेशात्मक उपागम

II. वर्णनात्मक उपागम

III. भाषा-मन:शक्ति की अवधारणा

IV. अभिकलनात्मक भाषा विज्ञान

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | I | II | IV | III |
| (C) | III | I | II | IV |
| (D) | III | II | I | IV |

**4.** सही क्रम बताइए :

I. व्यावर्तक/भेदक अभिलक्षण

II. स्वनिम

III. स्वन

IV. अक्षर

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | IV | I | III | II |
| (B) | I | III | II | IV |
| (C) | III | II | I | IV |
| (D) | II | III | I | IV |

**5.** सूची – I में दी गई मदों को सूची – II में दी गई मदों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. वाक् तथा प्रसंगार्थ की अवस्थिति | i. यादृच्छिकता |
| b. विषय तथा शब्द के बीच पारंपरिक संबंध | ii. विस्थापन |
| c. वक्ता तथा श्रोता की भूमिका | iii. मुख्यार्थ |
| d. भाषा का संदर्भगत कार्य | iv. अंतर्विनिमेयता |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**6.** सूची – I में दी गई मदों को सूची – II में दी गई मदों के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. भाषा की मूलाधार प्रणाली | i. पूरक वितरण |
| b. समान प्रसंग में केवल एक ही उपस्थिति हो सकता है । | ii. भाषा |
| c. दोनों उपस्थित रहते हैं । | iii. रूपावली परक |
| d. उनमें से कोई एक ही उपस्थित होता है । | iv. विन्यासक्रमात्मक |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | i | iv | iii |

7. **Assertion (I) :** The approach which studies only the written form of language is called prescriptivism.
**Assertion (II) :** Only written form is the true representation of a language.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are false.
(B) Both (I) and (II) are true.
(C) (I) is false but (II) is true
(D) (I) is true but (II) is false.

8. **Assertion (I) :** We can study social variation through speech.
**Assertion (II) :** The branch of linguistics which studies speech differences among speakers of a language is called psycholinguistics.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are true.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is true but (II) is false.
(D) (I) is false but (II) is true.

9. The term 'Organology' later come to be known as
(A) Pathology (B) Disability
(C) Phrenology (D) Neurology

10. **Assertion (I) :** Jargon aphasia results in the substitution of one sound for another.
**Assertion (II) :** Patients with Wernicke's aphasia often produce such jargon.
**Codes :**
(A) (I) is true and (II) is false.
(B) (I) is false and (II) is true.
(C) Both (I) and (II) are true.
(D) Both (I) and (II) are false.

11. The period during which language acquisition proceeds easily, swiftly and without external intervention is called
(A) Developmental period
(B) Critical period
(C) Acquired period
(D) Abnormal period

12. The rules children construct are
(A) Grammar dependent
(B) Lexical dependent
(C) Structure dependent
(D) Sound dependent

13. ________ was used as the label for the secret language of beggars and street merchants.
(A) Stang (B) Taboo
(C) Argot (D) Euphemism

14. **Assertion (I) :** A parser is the machine or engine that is responsible for applying the rules.
**Assertion (II) :** A parser can have different strategies for applying rules.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are false.
(B) Both (I) and (II) are true.
(C) (I) is true and (II) is false.
(D) (I) is false and (II) is true.

15. A system of writing Mandarin with a modified Roman alphabet is known as
(A) Hangul (B) Pinyin
(C) Kanji (D) Katakana

16. A movement towards greater uniformity and less variation among dialect is
(A) Dialect levelling
(B) Dialect mapping
(C) Accent
(D) Isogloss

17. The theory that language determines the world-view of its speech community has been proposed by
(A) Charles F. Hockett
(B) E.A. Nida
(C) William Labov
(D) Sapir Whorf

18. Which of the following speech sounds are Dravidian loans into Indo-Aryan ?
(A) Retroflexes
(B) Velars
(C) Semi-vowels
(D) Fricatives

19. English [h] and [y] are phonemes on the basis of
(A) Complementary distribution
(B) Parallel distribution
(C) Defective distribution
(D) Free variation

7. **अभिकथन (I) :** भाषा के केवल लिखित रूप का अध्ययन करने वाले उपागम को आदेशकतावाद कहते हैं ।

**अभिकथन (II) :** केवल लिखित रूप किसी भाषा का वास्तविक प्रतिनिधित्व होता है ।

**कोड :**
(A) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(B) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(C) (I) गलत है, किन्तु (II) सही है ।
(D) (I) सही है, किन्तु (II) गलत है ।

8. **अभिकथन (I) :** हम वाक् के माध्यम से सामाजिक वैविध्य का अध्ययन कर सकते हैं ।

**अभिकथन (II) :** किसी भाषा को बोलनेवाले व्यक्तियों के बीच वाक्-भिन्नताओं का अध्ययन करने वाली भाषाविज्ञान की शाखा को मनोभाषा विज्ञान कहते हैं ।

**कोड :**
(A) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(C) (I) सही है, किन्तु (II) गलत है ।
(D) (I) गलत है, किन्तु (II) सही है ।

9. 'अंगशास्त्र' को बाद में चलकर किस नाम से जाना गया ?
(A) रोगनिदानशास्त्र (B) अक्षमता
(C) मस्तिष्क विज्ञान (D) तंत्रिका विज्ञान

10. **अभिकथन (I) :** वृत्तिभाषाधात एक ध्वनि के लिए दूसरी ध्वनि के प्रतिस्थापन में परिणत होता है ।

**अभिकथन (II) :** वेर्निक भाषाघात के रोगी बहुधा इस प्रकार की वृत्तिभाषा में अभिव्यक्ति करते हैं ।

**कोड :**
(A) (I) सही है और (II) गलत है ।
(B) (I) गलत है और (II) सही है ।
(C) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(D) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।

11. किस काल में भाषा-अर्जन की प्रक्रिया आसानी से, तेज़ी से और बिना बाहरी हस्तक्षेप के आगे बढ़ती है ?
(A) विकासपरक काल (B) निर्णायक काल
(C) अर्जित काल (D) असामान्य काल

12. बच्चे किस प्रकार के नियम संरचित करते हैं ?
(A) व्याकरण आश्रित
(B) कोश आश्रित
(C) संरचना आश्रित
(D) ध्वनि आश्रित

13. भिखारियों और गली-कूचों में सामान बेचने वालों की गुप्त भाषा के लिए किस नाम का प्रयोग किया जाता था ?
(A) अपभाषा (B) वर्जना
(C) कूट-भाषा (D) शिष्टोक्ति

14. **अभिकथन (I) :** 'पार्सर' एक मशीन है जो नियमों का अनुप्रयोग करती है ।

**अभिकथन (II) :** नियमों का अनुप्रयोग करने के लिए 'पार्सर' विभिन्न विधियों का उपयोग कर सकती है ।

**कोड :**
(A) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(B) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(C) (I) सही है और (II) गलत है ।
(D) (I) गलत है और (II) सही है ।

15. संशोधित रोमन वर्णमाला के साथ चीनी भाषा (मैंडरिन) को लिखने की पद्धति को क्या कहते हैं ?
(A) हंगुल (B) पिन्यिन
(C) कांजी (D) कटकेना

16. बोलियों में उच्चतर समरूपता और न्यून परिवर्तन की दिशा में बढ़ना क्या है ?
(A) बोली प्रतिमानानुकूलन
(B) बोली मानचित्रण
(C) बलाघात
(D) समभाषांश सीमारेखा

17. इस सिद्धांत का प्रतिपादक कौन है कि भाषा अपने बोलने वालों के विश्व-दृष्टिकोण को निर्धारित करती है ?
(A) चार्ल्स एफ. हॉकेट (B) ई.ए. नाईडा
(C) विलियम लेबोव (D) सेपीर व्होर्फ

18. निम्नलिखित में से कौन सी ध्वनियाँ द्रविड़ भाषाओं से इंडो-आर्यन भाषाओं में ली गई हैं ?
(A) मूर्धन्य (B) कंठ्य
(C) अर्ध-स्वर (D) संघर्षी

19. ________ के आधार पर अंगरेज़ी [h] और [y] स्वनिम हैं ।
(A) पूरक वितरण
(B) समानान्तर वितरण
(C) विकल वितरण
(D) स्वतंत्र परिवर्तन

20. **Assertion (I) :** English [p] and [b] are in constant phonological opposition.
**Assertion (II) :** English [p] and [pH] are in complementary distribution.
**Codes :**
(A) (I) is true and (II) is false.
(B) (I) is false and (II) is true.
(C) Both (I) and (II) are true.
(D) Both (I) and (II) are false.

21. The study of man's sound-producing possibilities and the functioning of his speech mechanism is called
(A) Descriptive phonetics
(B) Evolutionary phonetics
(C) General phonetics
(D) Normative phonetics

22. The IPA symbol [y] stands for
(A) Front close unrounded vowel
(B) Central close unrounded vowel
(C) Front midway between close and close-mid vowel
(D) Front close rounded vowel

23. Affricates involve
(A) Close approximation
(B) Open approximation
(C) Zero stricture
(D) Zero stricture and close approximation

24. Closed velum acts as the initiator in the articulation of
(A) Plosives (B) Clicks
(C) Implosives (D) Ejectives

25. A closed syllable is a syllable which is
(A) arrested by a consonant
(B) has no arresting consonant
(C) has a releasing consonant
(D) has no releasing consonant

26. **Assertion (I) :** Secondary articulation involves more constriction of the vocal tract than the primary articulation does.
**Assertion (II) :** The secondary articulation may be either in front of, or behind of the primary articulation.
**Codes :**
(A) (I) is false and (II) is true.
(B) (I) is true and (II) is false.
(C) Both (I) and (II) are true.
(D) Both (I) and (II) are false.

27. Once an inflectional affix is added to a word
(A) no further attachment of the derivational affix to the word is possible.
(B) both inflectional and derivational affixes can be added.
(C) nothing happens to root-word
(D) the word becomes a clitic

28. Match the items in the List – I with those in List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Root | i. a form of word that changes into another word |
| b. Stem | ii. a form of word that takes derivations |
| c. Base | iii. a form of word that takes inflections |
| d. Supple-tion | iv. after all affixations are taken out |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | ii | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

29. Declension of nouns in inflectional languages means :
(a) nouns with gender and number
(b) nouns with grammaticalization
(c) nouns with tense, aspect and mood
(d) nouns with case endings
**Codes :**
(A) only (a) is correct.
(B) (a), (b), (c) are correct
(C) (a) and (d) are correct
(D) None of the above is correct

30. **Assertion (I) :** Linguistic items '–s', '–z' and '–iz' are phonologically conditioned allomorphs.
**Assertion (II) :** Amongst the three allomorphs '–s', '–z' and '–iz', the '–z' is the underlying morpheme for plural marker in English.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are false.
(B) Only (I) is true and (II) is false.
(C) Only (II) is true and (I) is false
(D) Both (I) and (II) are true.

**20.** **अभिकथन (I) :** अँगरेज़ी [p] और [b] में अटल स्वनिमिक विरोध है ।

**अभिकथन (II) :** अँगरेज़ी [p] और [pH] में पूरक वितरण है ।

**कोड :**

(A) (I) सही है और (II) गलत है ।
(B) (I) गलत है और (II) सही है ।
(C) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(D) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।

**21.** मनुष्य की स्वन उत्पन्न करने की शक्यता और उसकी वाक्-क्रियाविधि की कार्यात्मकता के अध्ययन को कहा जाता है

(A) वर्णनात्मक स्वनविज्ञान
(B) विकासक्रमिक स्वनविज्ञान
(C) सामान्य स्वनविज्ञान
(D) मानकीय स्वनविज्ञान

**22.** आई.पी.ए. प्रतीक [y] किसका प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) अग्र संवृत अवर्तुलित स्वर
(B) केंद्रीय संवृत अवर्तुलित स्वर
(C) संवृत और मध्य संवृत-स्वर के बीच में
(D) अग्र मध्य पथ संवृत वर्तुलित स्वर

**23.** अनुघर्षी में क्या निहित होता है ?

(A) संवृत निकटगमन
(B) विवृत निकटगमन
(C) शून्य निकोच
(D) शून्य निकोच और संवृत्त निकटगमन

**24.** निम्नलिखित में से किसके उच्चारण में मृदुतालु आरम्भक का कार्य करता है ?

(A) स्पर्शी (B) क्लिक्स
(C) अंत:स्फोटी (D) हिक्कित

**25.** संवृत्त अक्षर वह अक्षर है जो

(A) एक व्यंजन से अवरोधित होता है ।
(B) उसे अवरोधित करने वाला कोई व्यंजन नहीं होता ।
(C) उसका एक निर्मोचक व्यंजन होता है ।
(D) उसका कोई निर्मोचक व्यंजन नहीं होता ।

**26.** **अभिकथन (I) :** सह-द्वितीयक उच्चारण में वाक् पथ का संकुचन प्राथमिक उच्चारण की अपेक्षा अधिक होता है ।

**अभिकथन (II) :** द्वितीयक उच्चरण प्राथमिक उच्चारण के आगे या पीछे हो सकता है ।

**कोड :**

(A) (I) गलत है और (II) सही है ।
(B) (I) सही है और (II) गलत है ।
(C) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(D) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।

**27.** जब किसी शब्द के साथ विभक्ति प्रधान प्रत्यय को जोड़ा जाता है तब

(A) उस शब्द के साथ उसके बाद में किसी और व्युत्पादनमूलक प्रत्यय को जोड़ना संभव नहीं ।
(B) विभक्ति-प्रधान और व्युत्पत्तिपरक दोनों प्रकार के प्रत्ययों को जोड़ा जा सकता है ।
(C) मूल-शब्द को कुछ नहीं होता ।
(D) शब्द युक्त (शब्द) बन जाता है ।

**28.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. धातु | i. शब्द का एक रूप जो एक अन्य शब्द में बदल जाता है । |
| b. प्रतिपादिक | ii. शब्द का एक रूप जो व्युत्पत्ति को स्वीकार करता है । |
| c. आधाररूप | iii. शब्द का एक रूप जो विभक्ति को स्वीकार करता है । |
| d. सवदिश | iv. सभी प्रत्यययोजन को निकाल दिए जाने के बाद |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | ii | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**29.** विभक्ति-प्रधान भाषाओं में संज्ञा के नामरूप का अर्थ है :

(a) लिंग और वचन के साथ संज्ञा
(b) व्याकरणीकरण के साथ संज्ञा
(c) काल, पक्ष और वृत्ति के साथ संज्ञा
(d) जिस संज्ञा के अंत में विभक्ति प्रत्यय है ।

**कोड :**

(A) केवल (a) सही है ।
(B) (a), (b), (c) सही हैं ।
(C) (a) और (d) सही हैं ।
(D) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है ।

**30.** **अभिकथन (I) :** भाषायी मदें '–s', '–z' और '–iz' स्वनिमिक रूप से सोपाधिक उपरूप हैं ।

**अभिकथन (II) :** इन तीन उपरूपों '–s', '–z' तथा '–iz', में '–z' अँगरेजी बहुवचन चिह्नक के लिए मूलाधार रूपिम है ।

**कोड :**

(A) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(B) केवल (I) सही है और (II) गलत है ।
(C) केवल (II) सही है और (I) गलत है ।
(D) (I) और (II) दोनों सही हैं ।

**31.** In revised extended standard theory, the modifications are made with the inclusion of

(A) Logical forms and cognitive systems
(B) Phrase structure grammar
(C) Psycholinguistics
(D) Neurolinguistics

**32.** Transformational rules are

(A) Structure preserving
(B) Meaning preserving
(C) Grammar preserving
(D) Meaning changing

**33.** In the following conversation of X and Y, what conversational maxim is seemingly violated by X and Y ?

X : My present situation is more of heaven on earth.
Y : Indeed, but to think that time changes yesterday is amazing.

(A) Maxim of quality
(B) Maxim of manner
(C) Maxim of relation
(D) Maxim of quantity

**34.** **Assertion (I) :** Lexicography is the study of words in such a way that it includes their nature and function as symbols and their meaning in relation to epistemology.

**Assertion (II) :** Semantics is the study of meaning in language.

**Codes :**

(A) (I) is true, (II) is false
(B) (I) is false, (II) is true.
(C) Both (I) and (II) are false.
(D) Both (I) and (II) are true.

**35.** Match the linguistic forms of the utterance from the List – I and the functions of these forms with the List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. May I use your pen ? | i. Interrogative-question |
| b. Did you attend the lecture ? | ii. Interrogative-Request |
| c. Leave the room ! | iii. Declaration-Information |
| d. I lost the opportunity | iv. Imperative-Command |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**36.** When a constituent is moved to the front of a sentence, then it functions as "topic". This process is called

(A) Subjectivisation
(B) Topicalisation
(C) Complementation
(D) Objectivisation

**37.** The output of the basic component of the Generative Grammar is

(A) Deep structure
(B) Surface structure
(C) Syntactic structure
(D) Semantic component

**38.** Semantic properties of a constituent are specified with the help of

(A) Distinctive features
(B) Suprasegmental features
(C) Syntactic features
(D) Segmental features

**39.** "We congratulate you on your success" is an example of

(A) Commissive Act
(B) Expressive Act
(C) Representative Act
(D) Directive Act

**40.** A construction where a single clause has been divided into two separate section is known as

(A) Complex sentence
(B) Compound sentence
(C) Complement sentence
(D) Cleft sentence

**41.** The set of techniques developed over move than a century and half that permits us to recover linguistic constructs of earlier stages in a family of related languages is known as

(A) Contrastive method
(B) Comparative method
(C) Synchronic method
(D) None of the above

**42.** **Assertion (I) :** At the level of phonology all South Asian languages exhibit a contrast between front unrounded vowel and rounded back vowels.

**Assertion (II) :** All South Asian languages except "Khasi" which is a verb medial language share common structural characteristics at the level of sentence.

**Codes :**

(A) Both (I) and (II) are true.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is true and (II) is false.
(D) (II) is true and (I) is false.

**31.** संशोधित विस्तारित मानक सिद्धांत में किसको शामिल किया गया है ?
(A) तार्किक रूप और संज्ञानात्मक प्रणालियाँ
(B) पदबंध संरचना व्याकरण
(C) मनोभाषाविज्ञान
(D) तंत्रिकाभाषाविज्ञान

**32.** रचनांतरणपरक नियम होते हैं
(A) संरचना संरक्षित करने वाले
(B) अर्थ संरक्षित करने वाले
(C) व्याकरण संरक्षित करने वाले
(D) अर्थ बदलने वाले

**33.** X और Y की निम्नलिखित वार्ता में उन्होंने प्रत्यक्षतया किस वार्ता-सिद्धान्त को भंग किया है ?
X : मेरी वर्तमान स्थिति पृथ्वी पर स्वर्ग जैसी है ।
Y : सही है, पर यह सोचना कि समय कल (बीता हुआ) बदल जाता है, हैरानीजनक है ।
(A) गुणवत्ता का सिद्धान्त
(B) शिष्टता का सिद्धान्त
(C) सम्बन्धों का सिद्धान्त
(D) गणनात्मकता का सिद्धान्त

**34.** **अभिकथन (I) :** कोशकला शब्दों के ऐसे ढंग से किया अध्ययन है जिसमें संकेतों के रूप में उनकी प्रकृति तथा कार्य और उनके ज्ञान मीमांसा से सम्बन्ध सम्मिलित होते हैं ।
**अभिकथन (II) :** अर्थ-विज्ञान भाषा के अर्थों का अध्ययन है ।
**कोड :**
(A) (I) सही है , (II) गलत है ।
(B) (I) गलत है, (II) सही है ।
(C) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(D) (I) और (II) दोनों सही हैं ।

**35.** सूची – I में उच्चारित भाषाई रूपों को सूची – II में दर्शाए उनके कार्यों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. क्या मैं आपका पेन ले सकता हूँ ? | i. प्रश्नसूचक – प्रश्न |
| b. क्या आप लेक्चर में उपस्थित थे ? | ii. प्रश्नसूचक – निवेदन |
| c. कमरे से बाहर जाओ ! | iii. घोषणात्मक – सूचना |
| d. मैंने अवसर खो दिया । | iv. आदेशात्मक – आदेश |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**36.** जब किसी घटक को एक वाक्य के आरंभ में लाया जाता है तो यह एक टॉपिक के रूप में कार्य करता है, इस प्रक्रिया को कहते हैं
(A) कर्तृकरण (B) टॉपिकीकरण
(C) पूरकीकरण (D) कर्मीकरण

**37.** प्रजनक व्याकरण के आधारभूत घटक का निर्गत है
(A) गहन संरचना
(B) बाह्य संरचना
(C) वाक्य विन्यासी संरचना
(D) आर्थी-घटक

**38.** एक घटक के आर्थी लक्षणों को इसकी सहायता से सुस्पष्ट किया जा सकता है
(A) भेदक अभिलक्षण
(B) खण्डेतर विशेषता
(C) वाक्यात्मक विशेषता
(D) खण्डीय विशेषता

**39.** "हम आपकी सफलता पर बधाई देते हैं" निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?
(A) प्रतिबद्ध कार्य
(B) अभिव्यंजक कार्य
(C) प्रतिरूपणात्मक कार्य
(D) निर्देशात्मक कार्य

**40.** एक रचना में जहाँ एकल उपवाक्य को दो अलग खण्डों में विभाजित किया गया हो, उसे कहते हैं
(A) जटिल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) पूरक वाक्य (D) खण्डित वाक्य

**41.** डेढ़ सौ वर्षों से भी अधिक विकसित तकनीकें हमें सम्बन्धित भाषा परिवार के प्रारम्भिक पड़ावों की भाषायी परिकल्पनाओं को जानने की आज्ञा देती हैं, उसे कहते हैं
(A) व्यतिरेकी विधि
(B) तुलनात्मक विधि
(C) एककालिक विधि
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**42.** **अभिकथन (I) :** स्वनिमिक स्तर पर सभी दक्षिण एशियाई भाषाओं में अग्र अवर्तुलित स्वर और पश्च वर्तुलित स्वर में व्यतिरेक पाया जाता है ।
**अभिकथन (II) :** खासी भाषा में क्रिया वाक्य के मध्य में आती है । उसे छोड़कर सभी दक्षिण एशियाई भाषाओं में वाक्यात्मक संरचना के स्तर पर समानता पाई जाती है ।
**कोड :**
(A) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(C) (I) सही है और (II) गलत है ।
(D) (II) सही है और (I) गलत है ।

**43.** In some languages words typically contain a linear sequence of morphs and therefore these languages are known as

(A) Isolating

(B) Agglutinating

(C) Inflectional

(D) None of the above

**44.** Match the items from List – I with those in List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Trubetzkoy | i. Sociolinguistic Area |
| b. Emeneau | ii. Sprachbund |
| c. Weinreich | iii. Linguistic Area |
| d. P.B. Pandit | iv. Convergence Area |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**45.** Match the items from List – I with those in List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. South Munda | i. Santali, Mundari |
| b. North Munda | ii. Madhya Pradesh, Maharashtra |
| c. Korku | iii. Ho, Bhumij, Korwa |
| d. Mundri sub group | iv. Kharia Jaung |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**46.** 'Khowar', 'Torwali' and 'Shina' belong to

(A) Dravidian family of languages

(B) Tibeto-Burman

(C) Austro-Asiatic

(D) Dardic

**47.** Partial reduplication of words where an initial consonant or syllable is replaced in the reduplicated word is known as

(A) Reduplication

(B) Echo-words

(C) Conjunctive participle

(D) None of the above

**48.** **Assertion (A) :** The 'guna' increment is an Indo-European phenomenon.

**Assertion (B) :** The "Vṛddhi" increment is specifically Indian in origin.

**Codes :**

(A) Both (A) and (B) are correct.

(B) Both (A) and (B) are wrong.

(C) (A) is correct, (B) is wrong.

(D) (B) is correct and (A) is wrong.

**49.** The exploitation of patterns in the synchronic grammar of a single language or dialect to recover information about its prehistory is

(A) Standard method of reconstruction

(B) Synchronic grammar

(C) Diachronic grammar

(D) Internal reconstruction

**50.** The first Germanic sound shift or Rask's rule is also known as

(A) Grimm's Law

(B) Grassman's Law

(C) Neogrammarian Rule

(D) None of the above

**43.** कुछ भाषाओं में विशेषतया रेखिक रूपक्रम रहता है इसलिए ऐसी भाषाओं को निम्नलिखित प्रकार का माना जाता है :

(A) अयोगात्मक
(B) योजक
(C) विभक्तिप्रधान
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**44.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और कूट से सही क्रम का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ट्रूबेटज़काय | i. सामाजिक-भाषायी क्षेत्र |
| b. एमेनो | ii. स्प्राखबूंड |
| c. वेनरिच | iii. भाषायी क्षेत्र |
| d. पी.बी. पण्डित | iv. अभिसरण क्षेत्र |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**45.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. दक्षिणी मुण्डा | i. संथाली, मुण्डरी |
| b. उत्तरी मुण्डा | ii. मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र |
| c. कोरकू | iii. हो, भूमिज, कोरवा |
| d. मुंदरी उपसमूह | iv. खडिया जुआंग |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**46.** 'खोवार', 'तोरवली' और 'शाइना' का सम्बन्ध है

(A) द्रविड़ी भाषा परिवार
(B) तिब्बतो-बर्मी
(C) अस्ट्रो-एशियाटिक
(D) दार्दिक परिवार

**47.** शब्दों की आंशिक पुनरुक्ति में जहाँ प्रारम्भिक व्यंजन अथवा अक्षर जब पुनरुक्ति शब्द द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, इसे कहते हैं

(A) पुनरुक्ति
(B) प्रतिध्वनिक शब्द
(C) संयोजक कृदंत विशेषण
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**48.** **अभिकथन (I) :** गुण-वृद्धि भारोपीय विशेषता है ।

**अभिकथन (II) :** "वृद्धि" यह वृद्धि विशिष्टतया मूल में भारतीय है ।

**कोड :**

(A) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) और (II) दोनों गलत हैं ।
(C) (I) सही है और (II) गलत है ।
(D) (II) सही है और (I) गलत है ।

**49.** एक ही भाषा अथवा बोली के पूर्व इतिहास सम्बन्धी सूचना निकालने में एककालिक व्याकरण की अभिरचनाओं का उपयोग है

(A) पुनर्संरचना की मानक विधि
(B) एककालिक व्याकरण
(C) कालक्रमिक व्याकरण
(D) आन्तरिक पुनर्संरचना

**50.** प्रथम जर्मनी स्वन परिवृत्ति अथवा रास्क का नियम इस नाम से भी जाना जाता है

(A) ग्रिम नियम
(B) ग्रासमैन नियम
(C) नववैयाकरण नियम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Space For Rough Work**